प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 07.02.2026

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी

जिलाधिकारी खीरी एवं पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में तहसील मितौली में “सम्पूर्ण समाधान दिवस” का किया गया आयोजन; फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया

आज दिनांक 07.02.2026 को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर “सम्पूर्ण समाधान दिवस” का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी खीरी, श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमति ख्याति गर्ग द्वारा तहसील मितौली पर उपस्थित रहकर "सम्पूर्ण समाधान दिवस" की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर सम्बन्धित से समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।
इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसील मुख्यालय में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

थाना गोला पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त अरून कुमार पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक खीरी, श्रीमती ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गोला के नेतृत्व में आज दिनांक 07.02.2026 को थाना गोला पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 27/2026 धारा 87/137(2)/351(2) बीएनएस में 01 नफर वांछित अभियुक्त अरून कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम ताजपुर थाना गोला जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया ।

गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-

अरून कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम ताजपुर थाना गोला जिला खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.म0उ0नि0 अपूर्वा शर्मा थाना गोला जनपद खीरी

3.का0 अरूण पाल थाना गोला जनपद खीरी

<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 45 लीटर अवैध शराब बरामद कर 03 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया</u>

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>45 लीटर अवैध कच्ची शराब</u>** बरामद कर **<u>02 नफर</u>** अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **<u>03 अभियोग</u>** पंजीकृत किये गये